तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 1 मई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 जनधन खातों से घट रहा रुझान




14 महापौर का जन्मदिन सेवा, सम्मान और आस्था के ...



**खबर संक्षेप**

### स्कूल सफाई कर्मचारी आज घेरेंगे वित्तमंत्री निवास

**डांडेसरा(धमतरी)।** छग अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा 1 मई मजदूर दिवस को वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निवास स्थान का घेराव किया जायेगा। छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के महामंत्री डागेश्वर पटेल, सहसचिव मनोज कुमार चक्रधारी एवं धमतरी जिला मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने बताया कि हमारी एक ही मांग है कि अंशकालीन से पूर्णकालीन करते हुए कलेक्टर दर पर वेतन। छत्तीसगढ़ के समस्त स्कूलों में कार्यरत 43301 स्कूल सफाई कर्मचारी 1 मई को रायगढ़ निवासी वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निवास का घेराव करेंगे। धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल पवार, कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष नूतन कुमार साहू, मगरलोड ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन एवं नगरी ब्लॉक अध्यक्ष रविशंकर चेलक से अपने ब्लाक के सभी सदस्यों के साथ उपस्थित होने की अपील की गई है।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन आज से

**धमतरी।** आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई 2026 से अक्टूबर 2026 के लिये 1 मई से 29 मई के मध्य की अवधि में आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगें। इस तिथि के पूर्व एवं पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नही किया जाएगा। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र ही मान्य होगा। प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला से मिली जानकारी के अनुसार लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई 2026 से अक्टूबर 2026 के लिए 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारी अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र भेज सकते हैं। यह आवेदन शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, नगर घड़ी चौक रायपुर को 29 मई 2026 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त हो जाना चाहिए। मानक आवेदन पत्र पर ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन जिस सत्र के प्रशिक्षण हेतु किया गया है, उस सत्र के लिये ही मान्य होगा। पूर्व प्रचलित आवदेन पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे।

### प्रयास में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 को

**धमतरी।** प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाईट पर अपलोड किया गया है। परीक्षार्थी उक्त वेबसाईट पर जाकर प्रवेश पत्र 9 मई तक प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में बाद नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो सहित प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना होगा। सहायक आयुक्त ने यह भी बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# नाम की छोटी गलती बनी बड़ी समस्या, ई-केवाईसी के लिए भटक रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी प्रक्रिया इन दिनों महिला हितग्राहियों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। आधार कार्ड और विभागीय पोर्टल में दर्ज नाम की स्पेलिंग में मामूली अंतर के चलते बड़ी संख्या में महिलाओं की ई-केवाईसी पूरी नहीं हो पा रही है। इससे उन्हें बार-बार च्वाइस सेंटर, आंगनबाड़ी और महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जिले में कुल 2 लाख 27 हजार 183 महिलाओं की ई-केवाईसी की जानी है, लेकिन अब तक लगभग 30 हजार यानी करीब 13.20 प्रतिशत महिलाओं की ही प्रक्रिया पूरी हो सकी है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक करीब 4 हजार से अधिक मामलों में नाम और सरनेम की त्रुटियां सामने आई हैं, जिससे आवेदन अटक गए हैं।

महिलाओं का कहना है कि आवेदन के समय आधार कार्ड जमा करने के बावजूद ऑनलाइन एंट्री में हुई गलतियों का खामियाजा अब उन्हें भुगतना पड़ रहा है। शहर की विशाखा बाई, दमयंती बाई, सुलोचना बाई जैसी कई महिलाओं ने बताया कि कभी च्वाइस सेंटर तो कभी विभागीय कार्यालय भेजा जाता है, जिससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी हो रही है। कई मामलों में सर्वर समस्या भी बाधा बन रही है।

## महतारी वंदन योजना : आधार से नाम मिसमैच होने के कारण अटके हजारों आवेदन

### आधार कार्ड का अपडेट व मो.नंबर लिंक अनिवार्य

विभाग ने स्पष्ट किया है कि ई-केवाईसी के लिए आधार कार्ड का अपडेट होना और उससे मोबाइल नंबर लिंक होना अनिवार्य है। यही कारण है कि इन दिनों आधार सेवा केंद्रों में भीड़ बढ़ गई है और पहले जहां प्रतिदिन 10-15 लोग आते थे, अब यह संख्या 70 से अधिक पहुंच गई है। विभाग ने बताया कि जिन मामलों में नाम का मिसमैच है, उनका सुधार परियोजना कार्यालय स्तर पर किया जा रहा है, जिसके बाद राज्य स्तर से संशोधन होगा। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग एक सप्ताह का समय लग रहा है। सुधार के बाद हितग्राही पुनः ई-केवाईसी करा सकेंगे।



फाइल फोटो

### ई-केवाईसी पूरी तरह निःशुल्क

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि ई-केवाईसी पूरी तरह निःशुल्क है और किसी भी प्रकार की राशि वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी हितग्राहियों को 30 जून तक ई-केवाईसी पूर्ण करना अनिवार्य है, अन्यथा योजना की राशि का भुगतान प्रभावित हो सकता है।


## ज्ञान भारतम अभियान के तहत मिली कई पांडुलिपि


# सुरक्षित हो रहा धमतरी का इतिहास


हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी का इतिहास एक सुरक्षित दस्तावेज का रूप ले रहा है। ज्ञान भारतम योजना के तहत ऐतिहासिक पांडुलिपियों का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। इन पांडुलिपियों में भारत छोड़ो आंदोलन, महात्मा गांधी का धमतरी आगमन, जंगल सत्याग्रह, विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार सहित कई आंदोलन में धमतरी की भूमिका स्पष्ट हो रही है।

चाहे आजादी की लड़ाई हो या अन्य ऐतिहासिक घटनाएं, हमारे पूर्वजों ने इन घटनाओं को लेखबद्ध किया है, लेकिन समय पर इन दस्तावेजों को सुरक्षित नहीं किया गया, जिसके चलते अधिकांश दस्तावेज को खत्म हो गए, लेकिन अभी भी कई लोगों ने पूर्वजों की इस विरासत को सम्हाल कर रखा है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय अभियान ज्ञान भारतम के तहत अब ये दस्तावेज सुरक्षित हो रहे हैं।








कलेक्टर के मार्गदर्शन में चल रहा सर्वेक्षण का काम

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में सहायक जिला शिक्षाधिकारी यदुनंदन वर्मा इन पांडुलिपियों को सुरक्षित करने में जुटे हैं। अब तक करीब 60 लोगों के पास पांडुलिपि के होने की प्रविष्टि आई है। इन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण जारी है। इसके बाद ये सर्वर में आ जाएंगे, जिसे कोई भी देख सकेगा।

### ऐसे होगा सर्वे

ज्ञान भारतम के पोर्टल में कोई भी व्यक्ति अपने पास पांडुलिपि होने की जानकारी डाल सकता है। या फिर एडीओ यदुनंदन वर्मा से संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं। इस अभियान के लिए गांवों में ग्राम पंचायत सचिव को सर्वेक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है जो सूचना मिलने पर इन पांडुलिपियों का सर्वे करेंगे और उसके बाद व्यवस्थित ढंग से पांडुलिपियों को स्केन कर अपलोड करेंगे। पोर्टल में पुरातत्व विभाग इन पांडुलिपियों कैटेगिरी के हिसाब से अरेंज करेगा। इसे कोई भी व्यक्ति देख सकेगा।

### कई घटनाओं का उल्लेख

इस पांडुलिपि के अनुसार वर्ष 1930 में जंगल सत्याग्रह आंदोलन ने अंग्रेजों की जड़ें हिला दी थीं। धमतरी में यह सत्याग्रह रूद्री नवागांव में हुआ था, जिसमें 106 जेल गए थे। किसे कितने दिन, कितने साल तक जेल में रखा गया था, इसका भी उल्लेख है। 1930 में ही पुलिस टैक्स का विरोध, 1932 में विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार में 22 लोगों का जेल जाना, महात्मा गांधी का प्रथम और द्वितीय धमतरी आगमन, 1914 में नगर पालिका में लाइब्रेरी का खुलना जैसी महत्वपूर्ण घटनाएं इस पांडुलिपि में उल्लेख है।

### भारत छोड़ो आंदोलन में 45 लोग गए थे जेल

खुद एडीओ यदुनंदन वर्मा के पास उनके दादा शिव सिंह वर्मा की हस्तलिखित पांडुलिपि है। दादा शिवसिंह वर्मा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जिसके चलते उनकी पांडुलिपि में स्वतंत्रता संग्राम में धमतरी के योगदान की झलक नजर आती है। इस पांडुलिपि के अनुसार 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में धमतरी के 45 लोग जेल गए थे। इनमें बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव, रामपाल सिंह, गिरधारी लाल तिवारी, बैहाराम रावत, सखाराम गोंड, रामप्रधान साहू, भैयाराम जी, शेरसिंह ठाकुर, सेठ रामलाल अग्रवाल, रामभरोसा लाल सोनी, झुमुक लाल सोनी, हीराधर दीवान, बीरबल हंसराज, शिवसिंह वर्मा आदि शामिल थे।

## चेन माउंटेन से रेत का उत्खनन खनिज विभाग ने किया जब्त



बिना अनुमति के चल रहा रेत उत्खनन का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बिना परमिशन के नहरडीही के पास रेत के उत्खनन में लगे चेन माउंटेन मशीन को खनिज विभाग ने सील कर दिया है। मशीन के मालिक से जुर्माना वसूलने की तैयारी चल रही है। खनिज विभाग मुरुम, मिट्टी के उत्खनन पर नजर रखा हुआ है।

जिले में अवैध उत्खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेत के साथ मिट्टी, मुरुम सहित अन्य गौण खनिज का उत्खनन लगातार चल रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महानदी तट स्थित ग्राम नहरडीही में बड़े पैमाने पर अवैध रेत खनन की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर विभाग ने त्वरित कार्रवाई की।

खनिज अमला ने ग्राम नहरडीही एवं आसपास के क्षेत्र में जांच की। जांच के दौरान ग्राम नहरडीही एवं कठोली क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक चेन माउंटेन मशीन को मौके पर ही जब्त किया। इस प्रकरण में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत अर्थदण्ड वसूली की कार्रवाई की जा रही है।

# 2010 से पहले के शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने की मांग

- टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारत के राजपत्र का संदर्भ देते हुए टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया ने मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है जिसमें शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की गई है।

गुरूवार को संयुक्त शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष दौलत ध्रुव, प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित महोबे तथा अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि 1 सितम्बर 2025 को सुप्रीम कोर्ट में पारित आदेश के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार की ओर से अनुपालन पत्र अब तक निर्गत नहीं किया गया है। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी राज्य सरकारों को प्रेषित पत्र के माध्यम से उक्त न्यायादेश से राहत देने की दिशा में कार्रवाई की बात अंकित की है।



वर्तमान में विभिन्न राज्य सरकारों, शिक्षक संगठनों तथा शिक्षकों की ओर से 45 रिव्यू पिटीशन सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। जब तक रिव्यू पिटीशन का अंतिम निस्तारण और भारत सरकार का तत्संबंधी अनुपालन पत्र निर्गत नहीं हो जाता तब तक छत्तीसगढ़ राज्य में टीईटी की अनिवार्यता के दायरे में 2010 से पूर्व शिक्षकों को रखा जाना उचित प्रतीत नहीं होता। विभिन्न राज्य सरकारों ने रिव्यू पिटीशन में लिखा है कि 23 अगस्त 2010 में भारत सरकार का राजपत्र राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के संदर्भ में अधिसूचना प्रकाशित हुई है जिसमें शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत स्कूलों में पहली से आठवीं तक के शिक्षक संवर्ग की नई भर्ती के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने अनिवार्य योग्यता रखी गई है। लेकिन बिंदु क्रमांक 4 में स्पष्ट उल्लेख है कि पूर्व में नियुक्त शिक्षक संवर्ग के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक नहीं है। इस संदर्भ में छग शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 17 अगस्त 2012 को राजपत्र प्रकाशित किया है। भारत सरकार तथा छग शासन के राजपत्र में प्रकाशित होने के पूर्व नियुक्त एवं पदोन्नत प्राप्त शिक्षक संवर्ग को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने से मुक्त रखा जाए।

# भखारा क्षेत्र में लूट का खुलासा, नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भखारा थाना क्षेत्र में हुई लूट और चाकूबाजी की वारदात पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन नाबालिगों को हिरासत में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बालोद जिले के पेण्डरवानी निवासी दयानंद साहू 27 अप्रैल की शाम अपने परिवार के साथ सिहाद गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रात करीब 9:15 बजे वे अपने रिश्तेदार तिलक राम साहू के साथ पंचायत भवन के पीछे तालाब के पास गए थे। इसी दौरान चार युवकों ने उन्हें घेर लिया और धारदार हथियार दिखाकर लूटपाट की। आरोपियों ने दयानंद साहू से मोबाइल फोन और नकदी लूट ली। विरोध करने पर उनकी बायीं जांघ में वार कर घायल कर दिया गया। वहीं तिलक राम साहू से भी 500 रुपये छीन लिए गए और उन्हें भी चोट पहुंचाई गई। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी किशन यादव सहित तीन नाबालिगों को पकड़ा गया। पूछताछ में सभी ने वारदात कबूल कर ली है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एक कैंची बरामद की है।



## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** शारीरिक समस्या के चलते एक नवविवाहिता ने अपने किराये के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।



पुलिस के अनुसार गणेश्वरी नेताम पति राजेश्वर उम्र 26 वर्ष ग्राम मुजगहन थाना अर्जुनी क्षेत्र के एक किराये के मकान में रहती थी। पांच वर्ष पहले महिला की शादी हुई थी। बीते माह पहले महिला की डिलीवरी हुई थी। उसका दो माह का बच्चा है। प्रसव के बाद से महिला शारीरिक तकलीफ से परेशान थी। बुधवार की सुबह सभी परिजन काम पर चले गए। महिला घर पर अकेली थी। इसी दौरान महिला ने सिलिंग फेन में साड़ी का फंदा बना फांसी लगा ली। शाम को परिजन जब घर लौटे तो महिला को फंदे पर लटका देख अर्जुनी पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए वरदान एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

## गुजराती कॉलोनी के युवक ने लगाई फांसी



**धमतरी।** प्रतियोगी परीक्षाओं में मिल रही असफलता से हताश युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय गुजराती कालोनी निवासी यशवंत साहू उम्र 26 वर्ष प्रतियोगी परीक्षा दे रहा था लेकिन कुछ नंबर से युवक असफल हो जाता था। परीक्षाओं में मिल रही लगातार असफलता से युवक कुछ दिनों से डिप्रेशन में था। मई माह के प्रथम सप्ताह में युवक एक प्रतियोगी परीक्षा दिलाने वाला था, लेकिन असफलता से परेशान होकर युवक ने बुधवार की रात्रि अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## एक कॉस्मेटिक नमूना परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया

# संयुक्त टीम ने किया कॉस्मेटिक दुकानों का निरीक्षण

- सही दवा, शुद्ध आहार अभियान के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में सही दवा, शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन का सख्त निरीक्षण और जांच कार्रवाई जारी है। यह अभियान नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देश, कलेक्टर धमतरी के आदेश तथा सहायक औषधि नियंत्रक के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।



अभियान के प्रथम दिवस 27 अप्रैल को संयुक्त टीम ने जिले की 13 कॉस्मेटिक दुकानों का निरीक्षण किया। इनमें मोती ट्रेडर्स, न्यू शुभम सौंदर्य गोल बाजार, भागचंद सेल्स सिहावा रोड, श्री गुरुनानक फैंसी स्टोर और लक्ष्मी फैंसी स्टोर घड़ी चौक, हितेश ट्रेडर्स, पैरामाउंट पैलेस, पैरा एमाउंट गोलबाजार चौक, दीप जनरल रामबाग, ग्लैमर्स ब्यूटी स्टोर, मंगलम कॉस्मेटिक्स, ज्योति ई-स्टोर और पंकज स्टोर्स शामिल रहे। इस दौरान एक कॉस्मेटिक नमूना परीक्षण के लिए संकलित कर प्रयोगशाला भेजा गया।

अभियान के दूसरे दिन 28 अप्रैल को औषधि निरीक्षक, नायब तहसीलदार और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने थोक औषधि विक्रय संस्थानों और मेडिकल एजेंसियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में साईं नाथ मेडिकल एजेंसी रत्नाबांधा रोड, नागेश मेडिकल एजेंसी, विनायक मेडिकल एजेंसी रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, बालाजी मेडिकल, राज मेडिकल एजेंसी बालाजी नगर, मेसर्स हिंद मेडिकल एजेंसी सुंदरगंज और मेसर्स शर्मा मेडिकल एजेंसी स्टेशन पारा शामिल रहे।

टीम ने इन संस्थानों में क्रय-विक्रय अभिलेख, स्टॉक, बिलिंग व्यवस्था, भंडारण प्रणाली तथा लाइसेंस शर्तों की गहन जांच की। इस दौरान एक औषधि नमूना भी परीक्षण के लिए लिया गया।



**खबर संक्षेप**

### कॉलेज के दो विद्यार्थी ने प्रावीण्य सूची में जगह बनाई

**नगरी।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की सत्र 2024-25 की प्रावीण्य सूची में एम.ए. इतिहास एवं एम.ए.राजनीति विज्ञान के विद्यार्थी टेकेश्वरी ने इतिहास में छठवां स्थान एवं इंद्राणी साहू ने राजनीति विज्ञान में दसवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और नगरी क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव प्रभारी प्राचार्य, प्रो.राजाराम मेहरा राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष, प्रो.हितेशानंद ठाकुर इतिहास विभागाध्यक्ष सहित डॉ. रमेश कुमार देवांगन, प्रो.जयराम कुर्रे, डॉ.दीपा देवांगन, प्रो.लोकेश्वरी राठिया समेत महाविद्यालयीन स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### सीएमएचओ ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**जगदलपुर।** बस्तर के सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री के साथ शासकीय जिला महारानी अस्पताल का बुधवार को निरीक्षण किया। इसमें डॉ. बसाक ने बताया कि अस्पताल सहित जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्मी के चलते उल्टी-दस्त एवं लू के मरीज ज्यादा पहुंच रहे है, जिनके लिए पर्याप्त दवाएं होने से परेशानी नहीं हो रही है। उन्होंने डाक्टरों को निर्देश दिया कि यही स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी दवाएं पर्याप्त है, इसलिए सभी मरीजों को उपचार करें। मरीजों के उपचार की जानकारी के लिए वे स्वयं अस्पताल सहित स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं।

# पंचायती राज व्यवस्था को बताया गया लोकतंत्र की आधारशिला

## जिले की सभी ग्राम पंचायतों में हुआ ग्राम सभा का आयोजन, विकास पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में 24 अप्रैल से जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन आयोजनों ने न केवल ग्रामीण विकास की दिशा तय की, बल्कि जनभागीदारी और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूत किया।

जिले के ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र में आयोजित ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूह, युवा और किसान शामिल हुए। कार्यक्रमों के दौरान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के विचारों को स्मरण करते हुए पंचायती राज व्यवस्था को लोकतंत्र की आधारशिला बताया गया।

मनरेगा अंतर्गत आगामी कार्ययोजना पर विशेष जोर दिया गया। जल संरक्षण, तालाब गहरीकरण, नाला उपचार, वृक्षारोपण, चारागाह विकास और ग्रामीण संपर्क मार्गों के निर्माण जैसे कार्यों के प्रस्ताव पारित किए गए। इन पहलों से न केवल प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा**

ग्राम सभाओं के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि गांवों का समग्र विकास तभी संभव है, जब स्थानीय समुदाय स्वयं निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं। ग्राम सभाओं में विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई, जिनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन प्रमुख रहे। ग्रामीणों से योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सुझाव भी प्राप्त किए गए। इससे योजनाओं में पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने की दिशा में सकारात्मक पहल हुई।




**ग्राम पंचायतें शासन और जनता के बीच की कड़ी : कलेक्टर**

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने ग्राम पंचायतों को शासन और जनता के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए जनभागीदारी को विकास की कुंजी बताया। सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने पंचायतों के सशक्तिकरण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती का आधार बताया।

## सीढ़ियों पर लगाई गई टेढ़ी-मेढ़ी रेलिंग, कुछ हिल भी रही

# लाखों की लागत से बनी टंकी से टपक रहा पानी, शिकायतों पर भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत ठेन्ही में पेयजल व्यवस्था को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत लाखों रुपये की लागत से बनाई जा रही पानी टंकी का निर्माण कार्य कुछ दिनों से अधूरा पड़ा है, उसके बाद कुछ दिनों बाद पानी सप्लाई चालू की गई। उसके बाद वही पानी टंकी से कई जगह से पानी चिपकता दिखाई दे रहा है।

कुछ लोगों ने बताया कि टंकी का निर्माण कार्य शुरू से ही गुणवत्ता विहीन हुआ है। सीढ़ियों का निर्माण असुरक्षित तरीके से किया गया है और लगी रेलिंग भी टेढ़ी-मेढ़ी है। कई रेलिंग आज भी हिल रही है। टंकी की संरचना देखने पर स्पष्ट होता है कि निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों की अनदेखी की गई है। यहां तक कि निर्माण के दौरान एक मजदूर की मौत भी हुई थी, लेकिन इसके बावजूद ठेकेदार और संबंधित विभाग ने सुरक्षा मानकों पर ध्यान नहीं दिया।

ग्रामीणों ने मांग की है कि गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने भी निर्माण में भारी अनियमितताओं की बात कही है और उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। उपसरपंच ने बताया कि विभागीय अधिकारी श्री ठाकुर को कई बार फोन से संपर्क किया गया लेकिन वे ध्यान नहीं दे रहे।



**सौर ऊर्जा से चलने वाले हैंडपंपों पर निर्भर हैं ग्रामीण**

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान से लेकर अब तक विभागीय अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। कई बार शिकायत करने के बाद जल आपूर्ति शुरू की गई। कुछ घरों में कनेक्शन दिए जाने के बावजूद आज तक एक बूंद पानी भी नहीं पहुंचा है। ग्रामीण आज भी तालाब और सौर ऊर्जा से चलने वाले हैंडपंपों पर निर्भर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं।

**ठेकेदार का पेमेंट रोका गया**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी श्री ठाकुर से मामले की जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि टंकी का निर्माण अधूरा पड़ा है। इस कार्य को जल्द ही किया जायेगा। ठेकेदार का पेमेंट रोका गया है।

# सेलदीप में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान



■ उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर गांव में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद ग्राम पंचायत सेलदीप में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत द्वारा मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सम्मानित छात्रों में 12वीं के छात्र विकास साहू पिता परशुराम साहू ने 84.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं 10वीं के छात्र सूर्य वेदान्त साहू पिता पवन कुमार साहू ने 94.50 प्रतिशत और हिशिका साहू पिता भोलाराम साहू ने 89.80 प्रतिशत अंक हासिल कर गांव का नाम रोशन किया। सरपंच भारत भूषण साहू ने बताया कि सूर्यवेदान्त साहू ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन अपेक्षा के अनुरूप टॉप टेन में स्थान नहीं बना पाने से वह थोड़ा मायूस हो गया था। उन्होंने कहा कि छात्र की मेहनत और लगन उसे आगे जरूर सफलता दिलाएगी और आने वाले समय में वह और बेहतर परिणाम हासिल करेगा।

**निधन**

### लखन भार्गव



**अंवरी।** ग्राम बगौद निवासी लखन भार्गव उम्र 78 वर्ष का निर्धन 26 अप्रैल रविवार को हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार में पुत्र चुड़ामणि भार्गव, कुलेश्वर, टिकेश्वर, अरुण, दिनेश, डिगेश, प्रीतम, दिलीप, बंशीलाल, छन्नू, रिंकू, भोज, सौरभ, दीक्षांत सहित बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए।

# हॉस्पिटैलिटी छात्रों को मिला उद्योग विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

■ बेबीलोन ग्रुप के अधिकारियों ने किया प्रेरित

प्रथम अरोरा शिक्षण केंद्र, कुरुद स्थित हॉस्पिटैलिटी ट्रेनिंग सेंटर में उद्योग जगत के दो वरिष्ठ अधिकारियों का आगमन हुआ। बेबीलोन ग्रुप ऑफ होटल्स के ग्रुप एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संदीप राज और होटल बेबीलोन इंटरनेशनल के डायरेक्टर (फूड एंड बेवरेज सर्विस) संतोष कुमार गुप्ता ने संस्थान का भ्रमण कर प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया। अधिकारियों ने फूड एंड बेवरेज सर्विस, हाउसकीपिंग और मल्टीफंक्शनल ऑफिस एसोसिएट जैसे कोर्स के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों द्वारा किए जा रहे प्रायोगिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान में दी जा रही ट्रेनिंग उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप है।



इस अवसर पर दोनों विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और अपने अनुभव साझा किए। संदीप राज ने कहा कि हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए मेहनत, अनुशासन और निरंतर सीखना आवश्यक है। संतोष कुमार गुप्ता ने फूड एंड बेवरेज सेक्टर में करियर की व्यापक संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उनके प्रेरक मार्गदर्शन से छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। इस अवसर पर संस्थान के हॉस्पिटैलिटी केंद्र प्रमुख हरेश साहू सहित प्रशिक्षक टिकेश्वर साहू, जितेश्वर देवांगन, दुर्गेश्वरी गजेंद्र, मनीषा पटेल, सूर्या यादव, तिलेन्द्र साहू, दानीराम साहू समेत बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# दसवीं में राहुल एवं बारहवीं में उपासना अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सांकरा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10 वीं में दर्ज संख्या 159 एवं कक्षा 12 वीं में दर्ज संख्या 160 थी। कक्षा 10 वीं का परिणाम 96.12 प्रतिशत तथा कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 98.11 प्रतिशत रहा।

कक्षा 10 वीं में प्रथम राहुल यादव पिता तामेश्वर यादव रामनगर सांकरा 93.83 प्रतिशत एवं द्वितीय कुमारी स्नेहा 92.83 प्रतिशत रहे। कक्षा 12वीं में कुमारी उपासना साहू पिता धनराज साहू ग्राम सांकरा स्कूलपारा 94.80 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, कुमारी दिव्या साहू 94.20 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रही। उपासना और दिव्या ने जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में क्रमशः पांचवां तथा आठवां स्थान प्राप्त किया है।





इस उपलब्धि पर प्राचार्य अनिभा अग्रवाल एवं शिक्षकों ने टॉपर विद्यार्थियों के निवास स्थान पर जाकर उन्हें बधाई दी। इस उपलब्धि पर एसएमडीसी अध्यक्ष जन्मेजय साहू, सरपंच नागेंद्र बोरझा, जनपद सदस्य राजेश गोसाई, गिरवर भंडारी, श्रीमती सुलोचना साहू, श्रीमती हेमलता साहू, डीकेश सिन्हा, महेश साहू, टेमन कश्यप, सती मरकाम,

# आज से 10 जून तक मनेगा सुशासन तिहार

■ विकासखंड मगरलोड में पांच जगहों पर होगा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

राज्य सरकार द्वारा शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने व योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। आम जनता की समस्या का निराकरण समय पर सुनिश्चित कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज की सभी वर्गों को तत्परता के साथ प्राप्त हो यही सरकार का उद्देश्य है। प्रथम चरण में 1 मई से 10 जून तक आम जनता से प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण, समाधान शिविर




आयोजित है। मगरलोड विकासखंड में 8 मई को शिविर हायर सेकेंडरी स्कूल हसदा में आयोजित होगा जिसमें खिसोरा, हसदा, डूमरपाली, नवागांव, धौराभाठा, कपालफोड़ी, गाडाडीह, मोतिमपुर, रांकाडीह, भोथीडीह, शुक्लाभाठा, अमलीडीह सहित 12 ग्राम पंचायतें शामिल होंगी। 13 मई को हायर सेकेंडरी स्कूल मेघा के शिविर स्थल में मेघा, अरौद, गिरौद, सौंगा, हरदी, बेलौदी, सांकरा, परसवानी, कुल्हाड़ीकोट, परसाबुड़ा, दुधवारा, कोरगांव, बेलरदोना, मड़ेली, भरदा, बोड़रा, कमरौद, खिरझिटी सहित 18 गांव शामिल होंगे।15 मई को शिविर स्थल प्राथमिक शाला खड़मा में सिंगपुर, मुड़केरा, बिरझुली, सोनझरी, भंडारवाडी, केकराखोली, खड़मा, पठार, मोहेरा, बोईरगांव, मारागांव सहित 11 ग्राम पंचायत शामिल होंगी। 29 मई को शिविर स्थल निषाद भवन राजपुर के पास पहंदा, झाझरकेरा, बोरसी, लड़ेर, भोथा, सोनेवारा, सरगी, मोहंदी, राजपुर, बेलोरा, सोनपैरी, डाभा, करेली छोटी, छिपली सहित 14 ग्राम पंचायतें शामिल होंगी। 4 जून को शिविर स्थल साहू भवन के पास परसट्टी में भेंडरी, चन्द्रसुर, नवागांव बु., चंदना, परसट्टी, परेवाडीह, मोहरेंगा, धौराभाठा कु., कुडेल सहित 10 ग्राम पंचायतें

# नपं को मिली तीन करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

■ मणिकंचन एवं कंपोज शेड के लिए 57 लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी में विकास कार्यों को लेकर एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। नगर पंचायत के वर्तमान कार्यकाल को अभी मात्र 14 माह ही हुए हैं, लेकिन इस अल्प अवधि में ही नगर को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिल चुकी है।

आदर्श अधोसंरचना निर्माण 15 वें वित्त एवं स्वच्छता सिंगर के उद्देश्य से अनेक विकास कार्यों के लिए 3 करोड़ रुपए की सौगात मिली है। अधोसंरचना मद अंतर्गत 10 विकास कार्यों हेतु 43 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। 15वें वित्त के तहत 2 करोड़ रुपए की राशि एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत मणिकंचन एवं कंपोज शेड के लिए 57 लाख रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई है।

नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं उपाध्यक्ष विकास बोहरा, लोक निर्माण विभाग के सभापति अश्विनी निषाद एवं सभापति व पार्षदों द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से विभिन्न विकास कार्यों के लिए राशि की मांग की गई थी। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप इन 10 विकास कार्यों के लिए 43



लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

वार्ड क्रमांक 10, 12, 15 में 22 लाख रुपये से तीन नग सामुदायिक भवन निर्माण, जमुना पटेल किराना स्टोर से कानन सोम घर तक 10 लाख की लागत से बीटी सड़क निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 11 राजा बाड़ा से बिहारी सेठ के घर तक, सामुदायिक भवन नगर पंचायत नगरी वार्ड क्रमांक 7 एवं चौपाटी स्थान वार्ड क्रमांक 6 पर 8 लाख रुपये की लागत से चेकर्स टाइल्स पाथवे निर्माण, गुडीहरी तालाब के पास स्थित गोंडवाना भवन में 2 लाख रुपये की लागत से शौचालय निर्माण, वार्ड क्रमांक 3 एवं वार्ड क्रमांक 5 में 3 लाख की लागत से नाली एवं सीसी रोड निर्माण कार्य, इसके अतिरिक्त 15 वे वित्त की राशि 2 करोड़ से नई नाली, नए सीसी रोड के अतिरिक्त कई अन्य विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है।

स्वच्छता सिंगर के तहत 57 लाख रुपए में कंपोज शेड गीला कचरा सूखा कचरा अलग-अलग रखने हेतु व्यवस्था एवं अनेक विकास कार्य सुविधाजनक कार्य होने है। नगर पंचायत नगरी में बीते 14 महीनों में लगभग 100 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य प्रारंभ कराए जा चुके हैं। इनमें हितग्राही मूलक योजनाओं से लेकर आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) तक के कार्य शामिल हैं। नगर में माता तालाब का सौंदर्यीकरण, बीटी सड़क, सीसी रोड, पुल-पुलिया एवं नाली निर्माण चौपाटी निर्माण एवं लाइट व्यवस्था जैसे कार्य तेजी से जारी हैं।

श्री छाबड़ा ने इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक पिंकी शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा का आभार व्यक्त किया है।

## बाहर से ड्रमों में पानी लाने को मजबूर हैं छात्र और कर्मचारी

# आईटीआई करेली बड़ी में गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करेली बड़ी में पीने के पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। छात्र-छात्राओं और अधिकारियों को शुद्ध पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। छात्र-छात्राएं भीषण गर्मी में सरकारी अस्पताल से पानी लाकर प्यास बुझाने मजबूर हैं। बोरवेल्स तो है पर पानी का लेवल डाउन होने से बन्द पड़ा है।

भीषण गर्मी के इस दौर में संस्थान का नल कनेक्शन बंद पड़ा है, जिससे छात्र-छात्राओं और स्टाफ को भारी दिक्कतों का सामना



करना पड़ रहा है। संस्था प्रमुख धारणा साहू ने बताया कि संस्थान में पानी की किल्लत को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष, सरपंच, पंच, उच्च अधिकारियों और संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। बार-बार निवेदन करने के बावजूद न तो नल की मरम्मत की जा रही है और न ही वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पानी का टैंकर भेजा जा रहा है।

**छात्रों की पढ़ाई हो रही प्रभावित**

पानी की उपलब्धता न होने के कारण स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि अब संस्थान के कार्यों और प्यास बुझाने के लिए बाहर से ड्रमों में भरकर पानी लाना पड़ रहा है। दूर से पानी ढोकर लाने के कारण छात्रों की पढ़ाई और संस्थान के दैनिक कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। संस्था प्रमुख एवं छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि गर्मी की तपिश को देखते हुए इस गंभीर समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए। यदि जल्द ही पाइपलाइन की मरम्मत नहीं होती या नियमित टैंकर की व्यवस्था नहीं की जाती, तो संस्थान में शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलाना कठिन हो जाएगा।



# हायर सेकेंडरी स्कूल जोरातराई अं का रिजल्ट घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

हायर सेकेंडरी स्कूल जोरातराई अं का रिजल्ट घोषित किया गया। दसवीं का रिजल्ट 97 प्रतिशत, ग्यारहवीं का रिजल्ट 84.6 प्रतिशत, 12वीं का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा । दसवीं में प्रथम कृष्णा साहू पिता कमलेश साहू 89.6 प्रतिशत, द्वितीय डाली निषाद पिता टेमन निषाद 86 प्रतिशत , तृतीय ज्योति साहू पिता दिनेश साहू 82.2 प्रतिशत रहे। 11वीं में प्रथम प्रेरणा बाँधे पिता कृष्ण कुमार बांधे 80.27 प्रतिशत, द्वितीय पूजा तारक पिता दुलेश्वर तारक 79.54 प्रतिशत, तृतीय सुमन निषाद पिता जुगराम निषाद 75.94 प्रतिशत रहे।

12 वीं में टिकेश्वर तारक संतोष तारक 88.80 प्रतिशत, द्वितीय तुलसी यादव पिता तेजराम यादव 87.2 प्रतिशत, तृतीय पायल पाल पिता





मनहरण पाल 83.4 प्रतिशत रहे।

इस अवसर पर रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, प्रकाश तारक हाई स्कूल अध्यक्ष, प्राचार्य श्रीमती रेणुका बारले, कन्हैया साहू रामस्वरूप साहू ने कहा कि यह परीक्षा परिणाम छात्रों और शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। स्कूलों में अभी 15 जून तक छुट्टी है, उसका सदुपयोग करें।

**खबर संक्षेप**



## साहू समाज ने हर क्षेत्र में बनाई अपनी पहचान

- भेंडरवानी में मनाई गई दानवीर भामाशाह जयंती

**धमतरी।** ग्राम भेंडरवानी में परिक्षेत्र साहू समाज त्रिकुटी धाम कोसमर्रा एवं ग्रामीण साहू समाज भेंडरवानी के संयुक्त तत्वाधान में दानवीर भामाशाह जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू, परिक्षेत्र साहू समाज त्रिकुटी धाम कोसमर्रा के अध्यक्ष रामचंद्र साहू, जिला साहू समाज के अध्यक्ष गणेश राम साहू, महामंत्री विजय साहू सहित दयाराम साहू, प्रदीप साहू, अवनेंद्र साहू, कामता प्रसाद साहू, राजेंद्र कुमार साहू, सुशीला साहू, दमयंतीन साहू, ओमप्रकाश साहू, मिथलेश साहू सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेखराम साहू ने कहा कि साहू समाज एक संगठित एवं प्रगतिशील समाज है, जो हर क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बना रहा है। समाज के बच्चे उच्च पदों पर पहुंचकर समाज का नाम रोशन कर रहे हैं, जो उनकी मेहनत और माता कर्मा के आशीर्वाद का परिणाम है।

**भामाशाह का जीवन त्याग का अद्वितीय उदाहरण :** वक्ताओं ने दानवीर भामाशाह के जीवन और त्याग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपनी संपूर्ण धन-संपदा देश की रक्षा के लिए समर्पित कर दी थी, जिससे महाराणा प्रताप को पुनः सैन्य शक्ति संगठित करने में मदद मिली और उन्होंने मुगलों का डटकर सामना किया। भामाशाह का जीवन राष्ट्र प्रेम, त्याग और निःस्वार्थ सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। कार्यक्रम में समाजजनों ने युवाओं से प्रेरणा लेते हुए दान और सेवा की भावना को अपनाने का आह्वान किया।

## महात्मा गांधी कन्या आश्रम के बच्चों ने दी प्रस्तुति



**जगदलपुर।** श्री सत्य साई सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित ईश्वराम्मा दिवस सप्ताह में गुरूवार को महात्मा गांधी कन्या आश्रम के बच्चों ने प्रस्तुति दी। उक्त जानकारी समिति के संयोजक मुकेश रायकवार ने दी।

## सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर पहुंचे शहर



**जगदलपुर।** कांटीनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर रघु एन रेड्डी जगदलपुर पहुंचे है। जगदलपुर के विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को उनसे मुलाकात की। इन समाज प्रतिनिधियों ने डाइरेक्टर से सीसीएसएच की स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। डाइरेक्टर ने उन्हें बताया कि सीसीएसएच सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ उपचार सुविधा दे रहा है। इस हॉस्पिटल में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स और मेडिकल स्टॉफ मरीजों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने अगले कुछ दिनों में केथ लेब और कार्डियोसर्जन की सेवाएं मिलने की जानकारी दी। सभी समाज प्रमुखों ने अपने अपने समाज में स्वास्थ्य कैंप लगवाने आग्रह किया। डाइरेक्टर ने सभी समाज भवन में एक-एक कर सीसीएसएच के स्वास्थ्य कैंप लगाने सहमति दी है। गुरुवार को सीसीएसएच हॉस्पिटल में उत्कल समाज, ओसवाल जैन समाज, मसीही समाज ने हॉस्पिटल का निरिक्षण भी किया।

# सिहावा पर्यटन : कर्णेश्वर धाम में बन रहा आकर्षक प्रवेश द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कर्णेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए अब प्रवेश द्वार (गेट) निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। यह निर्माण कार्य न केवल धाम की भव्यता को बढ़ाएगा, बल्कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक आकर्षक और व्यवस्थित प्रवेश व्यवस्था भी सुनिश्चित करेगा।

इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग द्वारा 11 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि से एक सुदृढ़, आकर्षक और पारंपरिक शैली में प्रवेश द्वार का निर्माण किया जा रहा है जो कर्णेश्वर धाम की धार्मिक गरिमा और सांस्कृतिक पहचान को दर्शाएगा। निर्माण कार्य में गुणवत्ता और सौंदर्य का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि यह द्वार लंबे समय तक क्षेत्र की पहचान बना रहे।

ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने इस स्वीकृति के लिए पर्यटन विभाग व प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य लंबे समय से अपेक्षित था। उन्होंने बताया कि प्रवेश द्वार बनने से श्रद्धालुओं को धाम में प्रवेश करते समय एक व्यवस्थित और भव्य अनुभव मिलेगा, जिससे उनकी आस्था और भी प्रगाढ़ होगी।

### पुरातत्व विभाग ने कराई मंदिर की साफ-सफाई, पर्यटन विभाग से मिले 11 लाख



#### राजा कर्णराज ने बनवाया था मंदिर : विकल



श्री गुप्ता ने आगे कहा कि कर्णेश्वर धाम 11वीं शताब्दी में राजा कर्णराज द्वारा निर्मित धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ पर्यटन के रूप में भी तेजी से विकसित हो रहा है। यहां हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। खासकर माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव और सावन महोत्सव व अन्य पर्व-त्योहारों के दौरान। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में धाम परिसर में 7 लाख रुपये की लागत से शौचालय व डूगरु मंच के सामने शेड की स्वीकृति हुई है। कुछ दिनों में वह कार्य भी प्रारंभ हो जायेगा।पुरातत्व विभाग द्वारा मन्दिर की साफ सफाई करायी गई है। इसी तरह अन्य विकास कार्य की भी योजना बनाई जा रही है, जिससे कर्णेश्वर धाम को एक आदर्श धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।

### खाताधारक कर रहे सामान्य खाते में बदलाव

# जनधन खातों से घट रहा रुझान

- सीमित सुविधाओं से उपभोक्ता असंतुष्ट, पांच वर्षों में एक लाख से अधिक खाते बदले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




धमतरी जिले में प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत खोले गए खातों का उपयोग धीरे-धीरे कम होता नजर आ रहा है। सीमित बैंकिंग सुविधाओं और लेनदेन की पाबंदियों के कारण बड़ी संख्या में खाताधारक अब अपने जनधन खातों को सामान्य बैंक खातों में परिवर्तित करा रहे हैं। पिछले पांच वर्ष में ही एक लाख से अधिक खातों के सामान्य खातों में बदले जाने की जानकारी सामने आई है।

गौरतलब है कि वर्ष 2014 में शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य गरीब और वंचित वर्ग को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना था। प्रारंभिक चरण में जिलेभर में शिविर लगाकर शून्य बैलेंस पर बड़ी संख्या में खाते खोले गए थे। उस समय धमतरी जिले में करीब 6 लाख से अधिक लोगों ने जनधन खाते खुलवाए थे। इन खातों के साथ रूपे कार्ड और दो लाख रुपए तक का बीमा कवर जैसी सुविधाएं भी दी गई थीं।

हालांकि समय के साथ खाताधारकों को सीमित लेनदेन, चेकबुक की अनुपलब्धता और अन्य बैंकिंग सुविधाओं की कमी खलने लगी। वर्तमान में जनधन खातों में प्रति माह अधिकतम 10 हजार रुपए की निकासी और सीमित बैलेंस रखने की बाध्यता भी एक बड़ा कारण बन रही है। यही वजह है कि अब कई लोग अधिक सुविधाओं वाले सामान्य खातों की ओर रुख कर रहे हैं। जिले में राष्ट्रीय, ग्रामीण और निजी बैंकों की कुल 112 शाखाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें कुल खाताधारकों की संख्या 11 लाख से अधिक है। पहले जहां जनधन खाताधारकों की संख्या लगभग 6.50 लाख थी, वहीं अब यह घटकर करीब 5 लाख 33 हजार रह गई है। इनमें पुरुष खाताधारकों की संख्या लगभग 2.40 लाख और महिला खाताधारकों की संख्या 2.92 लाख के आसपास है।

आंकड़ों के मुताबिक बड़ी संख्या में खातों में लेनदेन भी नहीं हो रहा है। कई खाताधारकों ने लंबे समय से ई-केवाईसी अपडेट नहीं कराया है, जबकि कुछ खातों में शून्य बैलेंस की स्थिति बनी हुई है। वहीं रूपे कार्ड जारी होने के बावजूद उसका नियमित उपयोग भी सीमित है।

बैंकिंग क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और सामान्य खातों में मिलने वाली सुविधाओं के विस्तार के चलते जनधन खातों का आकर्षण कम होता जा रहा है। ऐसे में योजना के उद्देश्यों को बनाए रखने के लिए सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# धमतरी में विकास और सुशासन का नया अध्याय लिखा जा रहा

### जनता से किया वादा निभाया, मुख्यमंत्री की घोषणा पूरी





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ में जनकल्याण और विकास को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पिछले वर्ष 31 मई 2025 को धमतरी में आयोजित सुशासन तिहार (समाधान शिविर ) के दौरान नागरिकों की मांगों को संवेदनशीलता से स्वीकार करते हुए 213 करोड़ रुपये की लागत के बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों की घोषणा की थी। यह घोषणा केवल एक आश्वासन नहीं रही, बल्कि अब धरातल पर उतरते हुए विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

धमतरी में 18 करोड़ रुपये की लागत से हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण प्रस्तावित है, जो यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम और व्यवस्थित बनाएगा। साथ ही 10 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक, सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम का निर्माण भी किया जाएगा, जो सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। सड़क अवसंरचना के विकास के तहत सिहावा चौक से कोलियारी तक 5 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क के निर्माण के लिए 69 करोड़ रुपये, रत्नाबांधा से मुजगहन तक फोरलेन सड़क के लिए 56 करोड़ रुपये तथा धमतरी से नगरी मुख्य मार्ग के नवीनीकरण और मजबूतीकरण हेतु 60 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

#### 1 मई से 10 जून तक सुशासन दिवस

प्रदेश में 1 मई से 10 जून तक सुशासन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिले की धमतरी, कुरूद, नगरी और मगरलोड विकासखंडों की 24 ग्राम पंचायतों को क्लस्टर के रूप में चिन्हित कर समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। इन शिविरों की शुरुआत 4 मई को जनपद पंचायत धमतरी के ग्राम भोयना और जनपद पंचायत नगरी के ग्राम कुकरेल से होगी। प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित इन शिविरों में भोयना क्लस्टर के 21 ग्राम तथा कुकरेल क्लस्टर के 17 ग्राम शामिल होंगे।

#### निगम के 15 वार्डों में समाधान शिविर

शहरी क्षेत्र में भी नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के 15 वार्डों में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रथम शिविर 4 मई को देवांगन समाज भवन नागदेव मंदिर के पास आयोजित होगा, जिसमें हटकेशर, शीतलापारा, लालबगीचा और सुभाषनगर वार्ड के नागरिक शामिल होंगे। नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुंडी में 6 मई को रामलीला मैदान में सुशासन शिविर लगेगा।

#### कलेक्टर ने लिया निर्माण कार्यों का जायजा

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया है और स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सड़क निर्माण कार्य वर्षा ऋतु के पूर्व पूर्ण कर लिए जाएं।

# राष्ट्रहित में छोटे-छोटे प्रयासों की महत्ता : रंजना

- भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी






भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के बूथ क्रमांक 203 में मन की बात के प्रभारी ललित माणेक के निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। कार्यक्रम देखने के बाद श्रीमती साहू ने कि कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में हो रही जनगणना में सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही देश-विदेश में विभिन्न नवाचारों को देशवासियों से साझा किया। प्रधानमंत्री मोदी को सुनना सदैव ही प्रेरणादायी होता है। उनके ओजस्वी विचारों से मन में जनसेवा का भाव और प्रगाढ़ होता है। मोदी सरकार में भारत में विगत 11 वर्षों से लगभग हर क्षेत्र में नीत नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। चाहे वह तमिलनाडु में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की क्रिटिकलिटी हासिल करना हो या दुनिया में सबसे बड़ी जनगणना को डिजिटल माध्यम से क्रियान्वयन हो। ऐसे कई अभूतपूर्व कदम विकसित भारत निर्माण की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री के प्रेरक संबोधन ने सकारात्मक सोच, जनभागीदारी और राष्ट्रहित में छोटे-छोटे प्रयासों की महत्ता को स्पष्ट किया। कार्यक्रम के बाद श्रीमती रंजना साहू ने महिलाओं को नारी वंदन शपथ दिलाई।

इस दौरान ललित माणेक, सांसद प्रतिनिधि आत्मानंद स्कूल बठेना नीरज नाहर, बूथ अध्यक्ष सुमीत त्रिवेदी, सचिव अभिषेक अंबानी, बीएलओ लोचन साहू, भूपेश साहू, हरि कटारिया, कांति माणेक, कमलेश सोनी, दीपक पोपट, श्रीमती राजुला शाह, नीता पटेल, लीला पटेल, नीमा दामा, तृप्ति माणेक, गीता मोदी मौजूद रहे।

# जैतपुरी-कांकेर मार्ग पर सड़क के किनारे डाली मिट्टी से बढ़ी परेशानी

### ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द ही मिट्टी को समतल कराने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जैतपुरी बेलर से कांकेर जाने वाले मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे ठेकेदार द्वारा लगभग एक माह पूर्व मिट्टी डालकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी डालने के बाद न तो उसे समतल किया गया और न ही रोड किनारे कार्य को आगे बढ़ाया गया, जिससे यह मार्ग दुर्घटना की आशंका का केंद्र बन गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे मिट्टी के ढेर पड़े होने से वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। विशेषकर रात के समय यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, क्योंकि अंधेरे में मिट्टी के ढेर स्पष्ट दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है। दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और पैदल चलने वालों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी उसे पूरा करने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया। वहीं संबंधित विभाग द्वारा भी इस मामले में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क किनारे डाली गई मिट्टी को समतल कर निर्माण कार्य पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और ठेकेदार की होगी।

# पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र का सबसे मजबूत आधार स्तंभ : मोनिका




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत अछोटा में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिपं सभापति मोनिका देवांगन थीं।

अपने उद्बोधन में श्रीमती देवांगन ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था भारत के लोकतंत्र की आधारशिला है, जो शासन को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है।


उन्होंने कहा कि ग्रामसभा लोकतंत्र का सबसे सशक्त मंच है, जहां प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने और विकास की दिशा तय करने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से ग्राम सभाओं में भाग लेकर गांव के समग्र विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

विभिन्न शासकीय योजनाओं की हुई समीक्षा

विशेष ग्राम सभा के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई, जिनमें स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, पोषण अभियान, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित योजनाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। अधिकारियों द्वारा योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों एवं चुनौतियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। ग्राम सभा में ग्रामीणों द्वारा विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं को भी प्रमुखता से रखा गया, जिनमें पेयजल की उपलब्धता, सड़क मरम्मत, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, आंगनवाड़ी भवन, विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता जैसे मुद्दे शामिल रहे। इन समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर जनपद सदस्य कैलाश देवांगन, सरपंच संतोषी बाई ढीमर ,पंच रेणुका ध्रुव ,करुणा उइके, इंदु ध्रुव, महेश यादव, गौरी यादव, पंचायत सचिव कीर्ति नेताम समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# भुगतान में देरी को लेकर ठेकेदारों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




नगर पालिक निगम के ठेकेदारों ने लंबित भुगतान और अन्य प्रशासनिक समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष भुनेश चक्रधारी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि पिछले एक वर्ष से ठेकेदार विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन निगम प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मरम्मत संधारण मद के लगभग 130 लाख रुपए के देयक पिछले 18 महीनों से लंबित हैं। वहीं महापौर निधि के तहत करीब 70 लाख रुपए का भुगतान भी दो वर्षों से नहीं हो पाया है। इसके अलावा राज्य प्रवर्तित योजनाओं, 14वें और 15वें वित्त, सर्व शिक्षा एवं स्कूल जतन मद के भुगतान भी अब तक नहीं किए गए हैं।

ठेकेदारों ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले 20 वर्ष से उनकी सुरक्षा निधि (एसडी) की राशि वापस नहीं की गई है और भुगतान के नाम पर नियमों का हवाला देकर टालमटोल किया जा रहा है। इससे ठेकेदारों में नाराजगी बढ़ रही है।

ज्ञापन में निविदा प्रक्रिया को लेकर भी असंतोष जताया गया है। ठेकेदारों का कहना है कि कई बार बिना कारण निविदाएं निरस्त कर दी जाती हैं, जिससे उन्हें बार-बार निविदा शुल्क खर्च करना पड़ता है। निगम के कुछ अधिकारियों पर मनमानी और अधिकारों के दुरुपयोग के आरोप भी लगाए हैं।

ठेकेदार एसोसिएशन ने कलेक्टर से मांग की है कि सभी लंबित भुगतान जल्द जारी किए जाएं और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाई जाए।



## खबर संक्षेप



### नूतन स्कूल में दो शिक्षकों को दी गई विदाई

**धमतरी।** नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 29 अप्रैल को 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद शाला के दो वरिष्ठ शिक्षकों हेमंत सिंह ठाकुर व्यायाम शिक्षक और उच्च श्रेणी शिक्षक बसंत देवांगन को भावभीनी विदाई दी गई। उन्हें शॉल, श्रीफल भेंट किया गया। दोनों वरिष्ठ शिक्षकों ने 38 वर्ष तक सेवा दी। कुछ भावुक क्षण भी आए, आंखें नम भी हुईं। उन दोनों ने भी अपनी यादें बताई। उन दोनों शिक्षकों को छोड़ने उनके निवास तक स्टाफ गया। मौके पर प्राचार्य सुधीर गायकवाड़, प्रकाश पवार व्याख्याता, एससी क्रिस्टी, एन गोस्वामी, प्रीति साहू, संजय साहू, शेख रमजानी, कविता ठोकने, ज्योति रणसिंह, सौरभ रणसिंह, अभिषेक शिंदे, केके यादव, लक्ष्मी देवांगन, दामिनी साहू, साक्षी चौरसिया, मुकेश यादव, मोहन प्रजापति, भारत ध्रुव, मीनल सहायक शिक्षक एवं अभिलाषा चौहान भी उपस्थित थीं।

### आंगनबाड़ी भवन निर्माण में लापरवाही पर प्रशासन सख्त, ठेकेदार को नोटिस

**धमतरी।** डी.एम.एफ. मद अंतर्गत लालबगीचा वार्ड में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन केन्द्र क्रमांक 02 की गुणवत्ता संबंधी शिकायतों को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इस संबंध में कलेक्टर के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता नगर निगम द्वारा संबंधित ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। स्थानीय नागरिकों ने शिकायत में कहा है कि भूमि का समतलीकरण कचरा से किया गया है। कांक्रीट कार्य में निर्धारित अनुपात का पालन नहीं किया गया, जिससे भवन की मजबूती पर प्रश्न उठे हैं। मामले को गंभीर मानते हुए कलेक्टर ने तत्काल जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके तहत संबंधित ठेकेदार को 3 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्वास्थ्य संचालक को कांग्रेस महामंत्री ने सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर महामंत्री अभिषेक नायडू ने स्वास्थ्य शिक्षा संचालक यूएस पैकरा से मुलाकात कर कॉन्टिनेंटल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के शिकायत की जांच व कार्यवाही की मांग करते ज्ञापन सौंपा।

### जातिगत जनगणना में ओबीसी का अलग कॉलम नहीं होना अन्याय

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस शहर महामंत्री अनुराग महतो ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि केंद्र सरकार ओबीसी समाज को जानबूझकर नजरअंदाज कर रही है । जातिगत जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम, कालम कोड नहीं देने का विरोध करना केंद्र सरकार की ओबीसी विरोधी चेहरा उजागर हो रहा है। केंद्र सरकार ने 2026-27 की जनगणना में जातिगत गणना शामिल करने का ऐलान तो कर दिया लेकिन ओबीसी समाज के साथ अन्याय किया जा रहा है। जनगणना फॉर्म में एससी और एसटी के लिए अलग कॉलम तो रखा गया है।

# धमतरी नगर के नालों में जमा कचरा, प्लास्टिक, गाद हटाया गया

## निगम ने रामपुर व सोरिद वार्ड में नालों की सफाई की, जल निकासी हुई सुचारु

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगरपालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर सफाई अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। रामपुर वार्ड के बाबा डबरी क्षेत्र तथा सोरिद वार्ड में नटराज ट्रैक्टर के पीछे स्थित नालों की सफाई कराई गई।

लंबे समय से नालों में जमा कचरा, प्लास्टिक, गाद एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों के कारण जल निकासी बाधित हो रही थी, जिससे आसपास के क्षेत्रों में गंदगी और जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी। निगम के सफाई अमले ने मौके पर पहुंचकर नालों की गहन सफाई करते हुए सभी अवरोधों को हटाया, जिससे जल निकासी व्यवस्था पुनः सुचारु हो गई। इससे स्वच्छता में सुधार के साथ ही मच्छरों और संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी कम हुई है। सफाई अभियान के दौरान निगम कर्मचारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे घरों का कचरा नालों में न डालें और निर्धारित स्थानों पर ही कचरा निष्पादन करें। उन्होंने बताया कि नालों में कचरा डालने से जलभराव की समस्या बढ़ती है और बीमारियों का खतरा भी बना रहता है।





### स्वच्छता बनाए रखना केवल निगम का नहीं, नागरिकों का भी कर्तव्य : लूनिया

स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष निलेश लूनिया ने बताया कि शहर के सभी वार्डों में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जहां भी नालों में गंदगी या अवरोध की शिकायत मिलती है, वहां तत्काल कार्रवाई की जाती है। श्री लूनिया ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है। जनसहभागिता से ही शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और आदर्श बनाया जा सकता है।



सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा यह सफाई अभियान शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि नालों की नियमित सफाई से न केवल जल निकासी सुचारु होती है, बल्कि गंदगी, दुर्गंध और बीमारियों के खतरे को भी काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## धार्मिक अनुष्ठानों से हुई दिन की शुरुआत, नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

# महापौर का जन्मदिन सेवा, सम्मान और आस्था के संग उत्सव में बदला







हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिक निगम के महापौर रामू रोहरा का जन्मदिन शहर में उल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। सुबह से ही धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया था। महापौर ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर देश-प्रदेश की खुशहाली और शहर के विकास के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात उन्होंने गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा-अर्चना कर नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

### जनसेवा के कार्यक्रमों की रही श्रृंखला

जन्मदिन के अवसर पर महापौर ने दिनभर जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाई। जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों के बीच फल वितरित किए और उनका हालचाल जाना। मरीजों से संवाद करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने का भरोसा दिलाया।

### ग्रंथालय में हुआ विशेष आयोजन

जिला ग्रंथालय में स्टाफ, बच्चों और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा महापौर का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान उनके नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की सराहना की गई। ग्रंथालय के प्रतिनिधियों ने पार्किंग, सीसीटीवी कैमरा, शेड निर्माण और कैंटिन जैसी सुविधाओं की मांग रखी, जिस पर महापौर ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने नालंदा परिसर की स्थापना की घोषणा भी की। कार्यक्रम में बच्चों के लिए जूस और मिठाइयों की व्यवस्था की गई, जिससे माहौल और भी आनंदमय हो गया।

### स्वच्छता दीदियों का सम्मान

नगर निगम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर ने 150 स्वच्छता दीदियों को साड़ी वितरित कर उनके कार्यों की सराहना की और उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों और ठेकेदारों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। दोपहर में मकई चौक पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया और उत्सव में सहभागिता निभाई।

### जनप्रतिनिधियों और संगठनों ने दी शुभकामनाएं

सभापति कौशिल्या देवांगन सहित कई जनप्रतिनिधियों और संगठनों ने महापौर को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने महापौर के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में शहर निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भी महापौर को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सेवा का संकल्प और विकास की प्रतिबद्धता

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह जन्मदिन उनके लिए केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि जनता की सेवा का संकल्प और अधिक मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने जनता के विश्वास को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताते हुए शहर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया। पूरे दिन शहर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

### महापौर का भव्य स्वागत, विकास पर जोर





धमतरी में महापौर रामू रोहरा का जन्मदिन उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों, शुभचिंतकों एवं पत्रकारों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। बाजे-गाजे और फूलमाला के साथ उनका भव्य स्वागत किया, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। जन्मदिन के अवसर पर शहर के विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई। महापौर रोहरा ने कहा कि धमतरी को पहले भी कई विकास योजनाओं की सौगात मिल चुकी है और आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि विष्णुदेव साय, अरुण साव सहित राज्य और केंद्र सरकार का निरंतर सहयोग मिल रहा है, जिससे शहर में विकास कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में और अधिक फंड प्राप्त होगा, जिससे आधारभूत सुविधाओं और जनहित के कार्यों में तेजी आएगी। इस अवसर पर उन्होंने जनता की सेवा का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम में पत्रकार सुधीर गुप्ता, विशाल ठाकुर, उमेश सिंह बशिस्ट, पार्षदगण मेघराज ठाकुर, तल्लीनपुरी गोस्वामी, अज्जू देशलहरे, चंद्रभागा साहू, आशा नंदू लोधी, पिंटू यादव, हेमंत बंजारे, कोमल सार्वा सहित पार्टी के अविनाश दुबे, भागवत यादव, मिथिलेश सिन्हा, नवीन शर्मा भी मौजूद रहे। इसी दौरान कुश्ती संघ के संरक्षक लक्ष्मण साहू एवं सत्यवान यादव ने महापौर को भगवा गमछा पहनाकर व बुके देकर एवं मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया। उपस्थित सभी लोगों ने महापौर जगदीश रामू रोहरा को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु और सफल जीवन की कामना की।

## मंत्री खुशवंत साहेब से तकनीकी शिक्षा पर हुई चर्चा



**धमतरी।** तकनीकी शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के प्रस्तावित प्रांतीय कॉन्फ्रेंस के आयोजन को लेकर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब (तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार एवं अनुसूचित जाति विभाग छग शासन) से नवा रायपुर स्थित उनके निवास में भेंटकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान तकनीकी शिक्षा के समग्र विकास एवं वेलफेयर से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। इसमें तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति एवं संस्थाओं के सम्मान, अधिकारी-कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण, छात्र-छात्राओं में तकनीकी शिक्षा के प्रति बढ़ते रुझान तथा उनके लिए बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जैसे विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी बिंदुओं पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर संदीप सिंह (प्रांत समन्वयक, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन छत्तीसगढ़) एवं आरएन ध्रुव (प्रदेश अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़) विशेष रूप से उपस्थित थे।




## भखारा-सेमरा मोड़ पर हुआ हादसा

# सड़क दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



जिले के भखारा थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें रायपुर निवासी एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी घायल हो गई। यह हादसा भखारा-सेमरा मोड़ के पास हुआ, जिसे स्थानीय लोग लगातार बढ़ते हादसों के कारण डेंजर जोन बता रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के लालगंगा क्षेत्र निवासी 52 वर्षीय लालचंद नायक अपनी पत्नी कुसुम नायक (49 वर्ष) के साथ स्कूटी से इलाज के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक बाइक ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में लालचंद नायक के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी को हल्की चोटें आई हैं, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची भखारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस के अनुसार बाइक चालक परपोड़ी (जिला बेमेतरा) का निवासी है, जो शादी के कार्ड बांटने जा रहा था। प्रारंभिक बयान में उसने बताया कि उसका पैर फिसलने से बाइक अनियंत्रित हो गई और स्कूटी से टकरा गई। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से भखारा-सेमरा मोड़ पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।




## दोनों दुकानदारों पर 15,26,000 रूपये बकाया

# किराया नहीं पटाने पर दो दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ पंचनामा के बाद वीडियोग्राफी भी कराई

नगर पंचायत भखारा ने राजस्व हित में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए लंबे समय से लीज एवं किराया नहीं पटाने वाले 2 दुकानदारों की दुकानें सील कर दीं। दोनों बकायादारों पर 15,26,000 रूपये बकाया था। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया के निर्देश पर राजस्व एवं अतिक्रमण अमले ने पुलिस बल की उपस्थिति में कार्रवाई की गई। नवनीत सोन पर 11,76,000 व गेवेन्द्र कुमार साहू का बकाया किराया 3,50,000 रूपये है।



सीएमओ श्री पावरिया ने बताया कि नगर पंचायत के गठन के बाद यह पहला मौका है जब 15 लाख से अधिक की बकाया लीज-किराया राशि पर दुकान सील करने की नौबत आई है। दोनों बकायादारों को तीन-तीन बार नोटिस दिया गया था। छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 के तहत सीलिंग की कार्रवाई की गई। मौके पर पंचनामा तैयार कर वीडियोग्राफी भी कराई गई।

सीएमओ ने आगे कहा कि नगर के विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं के लिए लीज किराया आय का प्रमुख स्रोत है। राजस्व वसूली से कोई समझौता नहीं होगा। अन्य बकायादार 7 दिवस के भीतर अपना संपूर्ण बकाया जमा कर दें, अन्यथा उनकी दुकानों को भी सील कर आवंटन निरस्त कर नीलामी की जाएगी।

